दिन– रविवार दिनांक– 30 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार करेंगे साझा।

02. राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की औपबंधिक सूची कल जारी होगी।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग राज्य के पैंतालीस हजार गांव में जमीन लगान नहीं चुकाने वालों की कर रहा है पहचान।

04. और, मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन को लेकर औपबंधिक सूची कल जारी की जाएगी। विभाग के अनुसार सूची में किसी प्रकार की विसंगति होने पर संबंधित शिक्षक छह से नौ सितंबर तक ई–शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा स्थापना समिति करेगी। आपत्तियों के निराकरण के बाद दस से चौदह सितंबर के बीच अंतिम स्थानांतरण सूची प्रकाशित की जाएगी। इसी अवधि में पारस्परिक

स्थानांतरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। अंतिम सूची जारी होने के बाद शिक्षकों के पदस्थापन और योगदान की प्रक्रिया भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूरी होगी।

———————————————————

राज्य के केंद्रीकृत रसोईघरों में अब सुबह नौ बजे के बाद ही मध्याह्न भोजन तैयार किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अधिकारियों को मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली एजेंसियों और स्वयंसेवी संस्थाओं की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, निर्धारित मात्रा और समय पर विद्यालयों तक भोजन पहुंचाने की व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाएगी। श्री तिवारी ने बताया कि पूर्णिया में गुरुकुलम संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य संस्कृत शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत आधार प्रदान करना है।

———————————————————

नेपाल में हुये जल प्रलय के बाद राज्य में सम्भावित बाढ के खतरे से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है। उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि सरकार पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार की ओर से भोटे कोशी नदी में बाढ़ के खतरे को देखते हुए नया अलर्ट जारी होने के बाद राज्य सरकार अलर्ट है। श्री चौधरी ने कहा कि भागलपुर जिले के राघोपुर क्षेत्र में गंगा नदी के जलस्तर में कमी के बाद कटाव की स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ाई दी गई है। मौके पर जल संसाधन विभाग के अभियंता और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। वहीं, गंडक नदी के जलस्तर में सम्भावित वृद्धि हो देखते हुये वाल्मीकिनगर गंडक बराज पर प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गयी है।

———साउंड बाईट———

इधर, गंडक नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए उपमुख्यमंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने जिले में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। श्री यादव ने बताया कि तटबंधों की चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थलों का नियमित निरीक्षण हो रहा है। जिले के मकेर, पानापुर, दरियापुर, अमनौर, परसा और सोनपुर के नदी किनारे क्षेत्रों में बसने वालों को सतर्क किया जा रहा है। संवेदनशील क्षेत्रों में एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गयी हैं। वहीं, पटना के दीघा घाट में गंगा नदी का जलस्तर घटा है। जबकि पटना के श्रीपालपुर में पुनपुन नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। दूसरी तरफ सम्भावित बाढ़ को देखते हुये बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, बुडको ने भी पूरी तैयारी कर ली है। विभाग

के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने बताया कि पुनपुन नदी के पास खानपुर और बरमुत्ता में दो अस्थायी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन बनाये गये हैं। निदेशक ने बताया कि इन स्थानों पर सोलह पंप लगाये गये हैं, जिनकी लगातार निगरानी की जा रही है। इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने सम्भावित बाढ़ और कटाव से निपटने के लिए दानापुर, समस्तीपुर, सोनपुर, धनबाद और दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के संवेदनशील रेलखंडों पर कर्मियों की तैनाती की है। कोईलवर, जयप्रकाश सेतु, किऊल समेत प्रमुख रेल पुलों पर गश्त बढ़ा दी गयी है। साथ ही रेलगाड़ियों की गति सीमा अस्सी से नब्बे किलोमीटर प्रतिघंटे तक सीमित कर दी गयी है। इसके साथ ही संवेदनशील रेलखंडों के कई स्थानों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सेंसर लगाये गये हैं। जलस्तर के खतरे के निशान के पास पहुंचते ही सेंसर के माध्यम से अधिकारियों के मोबाईल पर अलर्ट मिलने की व्यवस्था की गयी है।

---

आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि नेपाल में जलप्रलय में लापता और फंसे लोगों पर राज्य सरकार की नजर है। नेपाल सरकार से बात हो रही है। जो लोग डूब गए हैं या लापता हैं, उनकी तलाश की जा रही है। जो फंसे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। शीघ्र ही उन्हें वापस लाया जाएगा। उन्होंने बागमती नदी घाटों के निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित राहत व बचाव कार्य करने का निर्देश दिया।

---

नेपाल में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह सौ पचहत्तर हो गई है। लगातार बारिश के बीच राहत और बचाव कार्य जारी है। राज्य के पूर्वी चम्पारण के सात, पश्चिम चम्पारण और मधुबनी जिले के तीन–तीन लोग अभी भी लापता हैं। परिजनों के अनुसार इन लोगों की अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। इधर, अब तक चार हज़ार चार सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। राहत और बचाव कार्यों में पन्द्रह हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। हेलीकॉप्टरों के जरिए लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत सामग्री पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने संयुक्त सी.एस.आई.आर–यू.जी.सी नेट परीक्षा के सभी पांच विषयों की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अपने पहचान पत्रों का उपयोग करके लॉग इन कर अपने विषय से संबंधित अंतिम उत्तर कुंजी देख सकते हैं।

———————————————————————

प्रदेश के पैंतालीस हजार गांव में जमीन लगान नहीं चुकाने वालों की पहचान की जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि विभाग अपना राजस्व बढ़ाने के लिए हर गांव में सौ बड़े बकायेदारों की पहचान कर रहा है। उन्होंने बताया कि इन बकायेदारों को एसएमएस भेजकर लगान जमा करने की सूचना देने की कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। इसके लिए राजस्व विभाग, एनआईसी के माध्यम से विभाग को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गये हैं। मंत्री ने कहा कि कई जिलों में जमीन के दस्तावेज अब भी पुरखों के नाम पर दर्ज हैं और इन जमाबंदियों से रैयतों के मोबाइल नंबर लिंक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़ी धोखाधड़ी रोकने और ऑनलाइन सेवाओं का लाभ देने के लिए सभी अंचलों में मोबाइल और आधार लिंकिंग की प्रक्रिया भी जारी है। मंत्री ने बताया कि राज्य में जमीन का सर्वे भी किया जा रहा है। इसके पूरा होते ही अस्सी प्रतिशत भूमि विवाद समाप्त हो जायेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार मॉनसून की ट्रफ लाईन पूर्णियां होते हुये दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी से गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

गयाजी जिले में गुरपा पर्वत पर मूसलाधार बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि बीस से अधिक लोग झुलसकर गय हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि इस वर्ष जुलाई तक प्रति बूंद अधिक फसल योजना के अंतर्गत एक सौ पन्द्रह लाख हैक्टेयर कृषि भूमि को लघु सिंचाई प्रणाली में लाया गया है।

———साउंड बाईट———

योजना का उद्देश्य खेत स्तर पर पानी के प्रयोग में दक्षता लाना और उसमें सुधार करना है। यह योजना जनवरी 2006 में केंद्र सरकार ने लघु सिंचाई के लिए शुरू की थी। वर्ष 2015–16 से 2021–22 तक इसका आधिकारिक नाम प्रति बूंद अधिक फसल किया गया और इसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के प्रमुख घटक के रूप में लागू किया गया। योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार पांच हैक्टेयर तक लाभार्थी को लघु सिंचाई प्रणाली लगाने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। छोटे और सीमान्त किसानों को 55 प्रतिशत और अन्य किसानों को 45

प्रतिशत तक वित्तीय सहायता मिलती है। केंद्र सरकार ने पिछले तीन सालों में 8 हजार 123 करोड़ रुपये से अधिक की राशि इस योजना में जारी की है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अर्जुन शर्मा।

———————————————————

प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता सतीश आनंद का कल दिल्ली में निधन हो गया। वे अस्सी वर्ष के थे। सतीश आनंद ने जेपी आंदोलन को रंगमंच के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाने और उसे धार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका अंतिम संस्कार आज दिल्ली में किया जाएगा। वरिष्ठ रंगकर्मी के निधन से राज्य के रंगमंच और कला जगत में शोक की लहर है।

———————————————————

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य के दो सौ छिहत्तर जलस्त्रोतों का विकास वाटर स्पोर्ट्स और रिवर सफारी के लिए करेगा। विभाग के अनुसार पटना में गंगा, बेगूसराय में कांवर झील, गयाजी में फल्गु नदी और नालंदा के घोड़ाकटोरा समेत अन्य स्थानों पर इसे शुरू किया जायेगा।

———————————————————

कटिहार जिले की एक अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोपित पति को बारह वर्ष कारावास के साथ पच्चीस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

———————————————————

पटना जिले के दीघा थाना क्षेत्र के पूर्व थानाध्यक्ष संजीव कुमार पर कोर्ट के आदेश के बाद एक मामला दर्ज किया गया है।

———————————————————

पटना जिले के पत्रकारनगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक बंद कमरे से एक सौ बाईस एटीएम कार्ड, बैंक चेक बुक और अन्य आपत्तिजनक समान बरामद किया है।

———————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव के पत्नी पर धोखाधड़ी करने के आरोप में कंकड़बाग थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने नेपाल त्रासदी पर लिखा है– अब जिंदगी बचाने की जंग, नेपाल ने मांगी मदद। आठ जिलों में करीब एक लाख लोग बेघर, दो सौ पचहत्तर भारतीय अब भी लापता।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– कोचिंग कारोबार में बिहार देश में तीसरे पायदान पर। हर माह औसतन ग्यारह सौ करोड़ रूपये का है, कारोबार।

दैनिक भास्कर दारोगा बहाली पर लिखता है– दारोगा बहाली में स्टोर रूम में खींची थी पेपर की फोटो। ईओयू संभालेगी पूर्णियां और गया केस।

प्रभात खबर ने लिखा है– दलित आरक्षण में कोटा पर टकराव, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान आमने–सामने।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– खेल दिवस पर उनतीस खिलाड़ी और बारह कोच किये गये सम्मानित। आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने नेपाल त्रासदी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार करेंगे साझा।

02. राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की औपबंधिक सूची कल जारी होगी।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग राज्य के पैंतालीस हजार गांव में जमीन लगान नहीं चुकाने वालों की कर रहा है पहचान।

04. और, मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।